Government of Canada / Gouvernement du Canada

Canada

## लोकतंत्र की रक्षा करना

# **निर्वाचित अधिकारियों** और **सार्वजनिक पद धारकों** के लिए **गलत जानकारी** और **विदेशी हस्तक्षेप** का विरोध करने के लिए टूलकिट

### *गलत जानकारी*

*जानबूझकर गुमराह करने के उद्देश्य से दी गई झूठी जानकारी।*

### *विदेशी हस्तक्षेप*

*विदेशी समूहों, राज्य अभिनेताओं या व्यक्तियों द्वारा अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए जानबूझकर और गुप्त गतिविधियाँ करना, जो अक्सर कैनेडा के राष्ट्रीय हितों के लिए हानिकारक होती हैं।*

**गलत जानकारी और विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ हमारा सबसे अच्छा बचाव जागरूकता और समझ के माध्यम से सुदृढ़ता प्रदान करना है।**

लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं (जैसे संसद, प्रांतीय विधायिकाएँ, चुनावी प्रक्रिया) को लंबे समय से ऐसे लोगों या समूहों से खतरा बना हुआ है जिनका लक्ष्य इन्हें कमजोर करना और नागरिकों का सरकार में विश्वास कमजोर करना है।

इसमें गलत सूचना - गलत जानकारी का जानबूझकर प्रसार, तथा विदेशी हस्तक्षेप शामिल है, जिसका कैनेडा में रहने वाले लोगों के कल्याण तथा कैनेडा की एकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**एक निर्वाचित अधिकारी या सार्वजनिक पदधारी के रूप में, आप गलत जानकारी का लक्ष्य बन सकते हैं। सार्वजनिक नीति निर्णय लेने की प्रक्रिया में योगदान देने वाले या उस पर प्रभाव डालने वाले व्यक्ति आकर्षक लक्ष्य होते हैं।**

**आपके पास विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी तक पहुंच हो सकती है और यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है कि जानकारी सुरक्षित रखी जाए। अपनी टीम को संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करना महत्वपूर्ण है ताकि वे खतरों के प्रति जागरूक रहें और उनसे निपटने के लिए उनके पास उपकरण हों।**

**अधिक जानकारी और संसाधनों के लिए,**
**कैनेडा की लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा करना और विदेशी हस्तक्षेप पर जाएं।**

# गलत जानकारी

## गलत सूचना को पहचानने के लिए सुझाव

**सटीकता की संस्कृति को बढ़ावा दें।** दर्शाइए कि आप सटीक जानकारी को महत्व देते हैं और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए।

**साझा करने से पहले रुकें।** निष्कर्ष निकालने या साझा करने से पहले सामग्री और स्रोतों की सटीकता पर विचार करें।

**सोशल मीडिया निगरानी और अलर्ट सेवाएं स्थापित करें ।** इससे आप अपने नाम, कार्यालय या संगठन से संबंधित गलत जानकारी की पहचान कर सकते हैं और उसका पता लगा सकते हैं। न केवल अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर नजर रखें, बल्कि सार्वजनिक पोस्ट, वेब फोरम, वेबसाइट, समीक्षाएं, उल्लेख आदि पर भी नजर रखें। ईयूवीएसडिसिनफो (EUvsDisinfo), डिसइन्फोवॉच (DisinfoWatch), तथा ग्लोबल अफेयर्स कैनेडा के रैपिड रिस्पांस मैकेनिज्म जैसे प्रतिष्ठित गलत जानकारी निगरानी संगठनों से परामर्श लें। रिवर्स इमेज सर्च करें।

**एक प्रतिक्रिया टीम बनाएं।** सुनिश्चित करें कि आपका स्टाफ गलत जानकारी संबंधी अभियानों की शीघ्रता से और प्रभावी ढंग से पहचान करने और उनका जवाब देने के लिए तैयार है।

**अपने श्रोताओं को जानें।** इस तरह से संवाद करना कि यह पता चले कि आप अपने श्रोताओं को समझते हैं, से आपकी जानकारी को समझे जाने की संभावना बढ़ जाएगी।

**सोशल मीडिया पर गलत जानकारी से सीधे तौर पर निपटते समय चयनात्मक बनें ।** ऐसा करने से गलत जानकारी फैलने में योगदान हो सकता है। इसके बजाय, गलत जानकारी पर आपकी प्रतिक्रिया एक अलग थ्रेड या पोस्ट में पोस्ट की जानी चाहिए और विस्तृत, पारदर्शी और सटीक होनी चाहिए। आप अपनी प्रतिक्रिया अपनी वेबसाइट पर भी पोस्ट कर सकते हैं।

## गलत जानकारी को पहचानना कठिन हो सकता है, लेकिन कुछ सामान्य संकेत हैं जिन पर ध्यान देना चाहिए

ऐसी सामग्री खोजें:

- **जो भावनात्मक प्रतिक्रिया को उकसाती है, विशेष रूप से नकारात्मक या भयावह दावों के साथ**
- **जो वैध जानकारी के छोटे-छोटे भागों का उपयोग करती है जो अतिरंजित या विकृत हैं**
- **जो फ़ोटो या छवियों को बदलकर या उन्हें संदर्भ से बाहर रखकर उनमें हेरफेर करती है**
- **जो किसी विवादास्पद मुद्दे पर साहसिक या उग्र बयान देती है**
- **जिसमें "क्लिकबेट" शामिल है:** सनसनीखेज और जानबूझकर भ्रामक शीर्षक, चित्र और वीडियो जो दर्शकों को विशिष्ट लिंकों पर क्लिक करने के लिए लुभाने के लिए बनाए गए हैं
- **जिसे गलत सूचना फैलाने के ट्रैक रिकॉर्ड वाले प्लेटफ़ॉर्मों पर इसे व्यापक रूप से साझा किया गया है**
- **जो ऐसे दावे करती है जो सच होने के लिए बहुत अच्छे लगते हैं**

# गलत जानकारी का प्रसार रोकें

## सतर्क रहें।

गलत जानकारी फैली हुई है। आप निशाना बन सकते हैं इसलिए हमेशा सतर्क रहें। गलत जानकारी की पहचान करने और उससे निपटने के लिए आवश्यक उपकरणों से स्वयं को सुसज्जित करें।

## तैयार रहें।

- ☐ अपने संगठन/कार्यालय में उन प्रमुख व्यावसायिक लाइनों और क्षेत्रों का निर्धारण करें जो गलत जानकारी के प्रसार के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं।
- ☐ सार्वजनिक वातावरण को समझें। आपके कार्यालय/संगठन के बारे में क्या कहा जा रहा है, तथा यह कहां, कैसे और कब कहा जा रहा है, यह जानने के लिए जानकारी के विभिन्न स्रोतों से परामर्श लें। इससे आपको किसी मुद्दे या विषय की प्रकृति और दायरे की स्पष्ट तस्वीर मिल सकती है। कई स्रोतों से जानकारी और शोध डेटा इकट्ठा करने में मदद के लिए सार्वजनिक पर्यावरण विश्लेषण आयोजित करें।
- ☐ गलत जानकारी के संभावित आख्यानों  से निपटने के लिए पहले से ही संदेश तैयार कर लें।

## बातचीत करें।

- ☐ गलत जानकारी का मुकाबला करते समय सटीक जानकारी प्रदान करें। सही और विश्वसनीय तथ्य प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
- ☐ समय पर संवाद करें।
- ☐ संवाद करने के सबसे अच्छे तरीके के बारे में विचार करें। आप अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, प्रेस विज्ञप्ति का उपयोग करके स्पष्ट रूप से गलत जानकारी का खंडन करने वाली तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करके झूठी जानकारी को संबोधित करना चाह सकते हैं या आप गलत जानकारी को स्पष्ट करने के लिए मीडिया आउटलेट्स के साथ काम करने के लिए अपनी मीडिया संबंध टीम के साथ जुड़ना चाह सकते हैं।
- ☐ सुनिश्चित करें कि आपका संदेश स्पष्ट एवं संक्षिप्त हो।

## इसे सही करें।

गलत जानकारी का पर्दाफाश करने का अर्थ है, तथ्यों को स्पष्ट करने के उद्देश्य से, सीधे तौर पर झूठी जानकारी को उजागर करना।

- ☐ विश्वसनीय स्रोतों का उपयोग करके दावों की तथ्य-जांच करें और झूठे आख्यान के विरुद्ध सटीक प्रति-साक्ष्य प्रस्तुत करें।
- ☐ अपने सुधारों को विश्वसनीय स्रोतों और साक्ष्यों से समर्थित करें। अपने कथनों का समर्थन करने वाले प्रतिष्ठित स्रोतों के लिंक, संदर्भ या उद्धरण प्रदान करें।

# विदेशी हस्तक्षेप

विदेशी हस्तक्षेप में विदेशी राज्य या उनकी ओर से कार्य करने वाले व्यक्ति शामिल होते हैं, जिनका लक्ष्य अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए कैनेडा के भीतर निर्णयों, नीतियों या घटनाओं को गुप्त रूप से प्रभावित करना होता है। इससे विश्वास खत्म हो सकता है तथा हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं, राजनीतिक प्रणाली, मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की अखंडता और अंततः हमारी संप्रभुता को खतरे में डाल सकता है।

राज्य प्रयोजित शक्तियां , निर्वाचित अधिकारियों, उनके कर्मचारियों या उम्मीदवारों के साथ विश्वसनीय संबंध विकसित करने के लिए भ्रामक साधनों का उपयोग कर सकते हैं, ताकि विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी प्राप्त की जा सके, बहस को आकार दिया जा सके या निर्णय लेने को इस तरह प्रभावित किया जा सके, जो विदेशी राज्य के लिए लाभदायक हो। ये रिश्ते अक्सर किसी के राजनीतिक जीवन के शुरुआती दौर में विश्वास हासिल करने के लिए विकसित किए जाते हैं, जिसका बाद में फायदा उठाया जाता है। अन्य मामलों में, राज्य प्रयोजित शक्तियां दबावपूर्ण रणनीतियां अपना सकते हैं। ऐसा समय के साथ हो सकता है, और इसे पहचानना कठिन हो सकता है। इस जोखिम के बारे में जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि सरकार के किसी भी स्तर पर कोई भी व्यक्ति इसका संभावित लक्ष्य हो सकता है।

वैध अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और कूटनीति, जो पारदर्शी और सद्भावनापूर्वक की जाती है, के विपरीत, विदेशी हस्तक्षेप गुप्त और दुर्भावनापूर्ण होता है। कुछ अन्य चिंताजनक संकेत जिन पर ध्यान देना चाहिए, वे हैं:

- ☐ संचार, रिश्तों, व्यवहार और बातचीत के बारे में पारदर्शिता की कमी
- ☐ सुझाव या निहितार्थ कि बातचीत के परिणामस्वरूप एहसान या लाभ का आदान-प्रदान होगा (क्विड प्रो क्वो)
- ☐ असामान्य रूप से उदार उपहारों, यात्रा या अन्य लाभों की पेशकश
- ☐ विशेष विचारों, राय या स्थितियों का समर्थन करने के लिए दूसरों को प्रभावित करने का दबाव

**अधिक जानकारी के लिए परामर्श लें:**
**कैनेडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेप के खतरे।**

## विदेशी हस्तक्षेप से स्वयं को सुरक्षित रखें

**सतर्क रहें।** कैनेडा के लोकतंत्र की सुदृढ़ता  हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। विदेशी हस्तक्षेप के चेतावनी संकेतों को जानें।

**अनुसंधान।** जानकारी साझा करने या किसी समझौते में प्रवेश करने से पहले उचित सावधानी बरतें, अपने साझेदारों को जानें और किसी भी साझेदारी के जोखिमों का पहले से आकलन करें।

**सक्रिय रहें।** खतरे के प्रति जागरूक रह कर और उचित तत्परता बरतकर स्वयं को, अपने संगठन को, अपनी प्रतिष्ठा को और अपने काम को सुरक्षित रखें।

**साइबर सुरक्षित रहें।** साइबर सुरक्षा के बारे में स्वयं को शिक्षित करें।  खुद को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए आप जो कदम उठा सकते हैं, उनके लिए गेट साइबर सेफ पर जाएँ।

**अपने स्रोतों की पुष्टि करें।** यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको सही जानकारी मिल रही है, अपने जानकारी स्रोतों की विश्वसनीयता की जांच करें।

**इसकी रिपोर्ट करें।** संदिग्ध गतिविधियों और धमकाने, उत्पीड़न, जबरदस्ती या डराने की किसी भी घटना की सूचना स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ-साथ कनेडियन सेक्युरिटी इंटेलिजेंस सर्विस को दी जानी चाहिए।

**विदेशी हस्तक्षेप से खुद को बचाने के तरीकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, विदेशी हस्तक्षेप और आप और विदेशी हस्तक्षेप से स्वयं को सुरक्षित रखें से परामर्श करें।**

## कैनेडा में विदेशी हस्तक्षेप की रिपोर्ट कैसे करें

कैनेडा में कोई भी व्यक्ति जो चिंतित है कि उन्हें विदेशी हस्तक्षेप के उद्देश्य से राज्य प्रयोजित शक्तियों या गैर-राज्य प्रयोजित शक्तियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें स्थानीय पुलिस या **रॉयल कनेडियन माउंटेड पुलिस के नैशनल सेक्युरिटी इन्फर्मेशन नेटवर्क** से 1-800-420-5805 पर संपर्क करना चाहिए, या https://rcmp.ca/report-it पर ईमेल द्वारा संपर्क करना चाहिए।

**कनेडियन सेक्युरिटी इंटेलिजेंस सर्विस** को जासूसी या विदेशी हस्तक्षेप की रिपोर्ट 613-993-9620 या 1-800-267-7685 पर या ऑनलाइन करें।

© कैनेडा की सत्ता में महामहिम राजा, जैसा कि डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशंस के मंत्री 2023, द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया है।

ISBN: 978-0-660-72475-1
CP22-207/2-2023Hin-PDF

Also available in English, French and other languages.

Aussi disponible en anglais, français et autres langues.